प्रसंस्करण केंद्र (सी–पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल,
प्लाट P-6,7,8 से. –5,
आई.एम.टी.मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा– 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके – 6**

**सार्वजनिक सूचना**

**{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}**

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/393 दिनांकः – 06/05/2025

**संदर्भ :**

**1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (38) कम्पनियों का नाम उत्तर प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:**

| S No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB3620661 | U74999UP2019PTC112247 | विनो इनोवेटिव्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB3700798 | U72200UP2000PTC025406 | टी एस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB3671373 | U25209UP1989PTC010984 | मेहटिया प्लास्टोफ्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB3650391 | U18100UP2020PTC125801 | पीआरएल मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB3487541 | U70102UP2012PTC050798 | के एल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB3666198 | U74120UP2012PTC050957 | साईइशी चिया क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB3610965 | U72300UP2012PTC049147 | वी क्यूब डाटा एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB3508905 | U45400UP2015PTC073230 | देवास हाउसिंग डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB3521053 | U74999UP2016PTC084186 | बायोफाइट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB3365157 | U74999UP2019PTC111906 | डोलविजड्रीम प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB3593217 | U70109UP2018PTC106656 | जीकेपी बिल्डर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB3487751 | U74999UP2018PTC107575 | वेलवेट लाइफवेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB3521340 | U65900UP2018PLC107618 | आमु निधि लिमिटेड |
| 14 | AB3631051 | U51900UP2018PTC109145 | यूनिटेम्प इंजेक्शन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB3632458 | U52603UP2020PTC130926 | एरामपुर वर्ल्डइंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB3637956 | U74999UP2019PTC115723 | एमकेएस मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB3014299 | U65999UP2019PLN122312 | वी8 अर्बन निधि लिमिटेड |
| 18 | AB3655726 | U34100UP2020PTC125809 | पीआरएल उद्योग प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AB3531574 | U63030UP2020PTC125443 | बाफिला हॉलिडेज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AB3519103 | U74999UP2020PTC135678 | 42हेल्थसॉस प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AB3500724 | U80904UP2020PTC134114 | सात्विक अकादमी प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AB3585717 | U72900UP2020PTC129903 | जिओस इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AB3610620 | U74999UP2020PTC137455 | सेरेन्डस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AB3612776 | U74999UP2021OPC145918 | सोशल्ली देसी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AB3167907 | U65990UP2021PLN141926 | रैकमित्र ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड |
| 26 | AB3298098 | U42909UP2021PTC143587 | आर्यवंशम अमृत नीयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AB3663426 | U85100UP2019PTC121609 | स्वस्तिक मल्टीसर्विंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AB3609693 | U37200UP2021PTC155511 | पीवाईडी रिसायकलर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AB3461845 | U85190UP2021PTC156519 | ट्रिडोकऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AB3745627 | U92100UP2022PTC159785 | गुटसेल ब्रांड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AB3539489 | U33127UP2022PTC171678 | गोल्डकोस्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AB3601582 | U47890UP2023PTC177991 | काशी फैशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | AB3608513 | U32909UP2023PTC185422 | सानप्रा क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AB3701826 | U22200UP2023PTC191004 | होलोप्लास्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AB3505894 | U46305UP2024PTC195919 | हरिवासुदेव जी प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AB3383039 | U70200UP2024PTC207137 | ग्लोबल एश्योरेंस प्रॉपर्टी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AB3653696 | U68100UP2025PTC214436 | सार्ब इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | AB3478853 | U62099UP2025PTC214989 | बजरंग स्पोर्टस्टेक प्राइवेट लिमिटेड |

**2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना /अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।**

**3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।**

**4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।**

**इरकान तिर्की**
**सहायक रजिस्ट्रार**
**प्रसंस्करण त्वरित कार्पोरेट निकास केंद्र**

CBC 07123/11/0196/2526



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**

(सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

परियोजना कार्यान्वयन इकाई,

प्लाट नं.2–प्रथम तल, कमहेनपुर, भवरनाथ, आज़मगढ़–276001 (उ.प्र.)

सत्यमेव जयते

भा रा रा प्रा NHAI

**आवश्यक सूचना**


**घाघरा ब्रिज मरम्मत कार्य के कारण मार्ग परिवर्तन**

यह सूचित किया जाता है कि घाघरा नदी पर NH-28 (Old NH-233) के घाघरा ब्रिज के मरम्मतीकरण कार्य के कारण यह मार्ग अस्थायी रूप से बंद रहेगा। अतः बस्ती की ओर जाने वाले सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि नीचे दिए गए परिवर्तित मार्ग का उपयोग करेंः

**परिवर्तित मार्ग (बस्ती की ओर)ः**

न्यौरी अंडरपास से दाहिने मुड़कर न्यौरी–रामनगर मार्ग (NH-328A) से रामनगर चौक→स्व. गुरु प्रसाद चौराहा→हंसवर–मकरही मार्ग→धनघटा–विधार मार्ग→विधार ब्रिज→धनघटा चौराहा→बाएं रमजानकी मार्ग (NH-227A)→अंत में कलवारी चौराहा।

**आपकी असुविधा के लिए खेद है। सहयोग हेतु धन्यवाद।**




**ROUTE DIVERSION PLAN FROM NYAURI (Dist. Ambedkarnagar) TO KALWARI (Dist. Basti) (TOTAL LENGTH= 66.5K.M.)**

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

## संक्षिप्त समाचार

# महिला अधिवक्ताओं की तिरंगा रैली आज



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ महिला अधिवक्ताओं की बुधवार को तिरंगा यात्रा समिति की मीटिंग राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित की गई। मीटिंग में गुरुवार को अलबर्ट हाल पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश की सेना का मनोबल बढ़ाने का आह्वान किया गया।

अधिवक्ता दिनेश पाठक ने सभी महिला अधिवक्ताओं को प्रस्तावित यात्रा के प्रारूप को समझाया। तिरंगा यात्रा समिति की महिला संयोजक अधिवक्ता निधि खण्डेलवाल एवं सहसंयोजक अधिवक्ता सुषमा पारीक ने भी ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता का महत्व बताया एवं अधिक से अधिक महिला अधिवक्ता को तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए कहा। सभी अधिवक्ता हाई कोर्ट परिसर गांधी चौक पर सुबह 10 बजे इकट्ठा होंगे तथा संगठित रूप से अलबर्ट हॉल पर आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। मीटिंग में हाईकोर्ट विधि प्रकोष्ठ भाजपा सहसंयोजक नरेन्द्र सिंह शेखावत, ब्रजेश शर्मा, राजेंद्र तंवर, सुमन शर्मा, हेमा तिवारी, बिन्दु धाबाई, प्रेरणा मिश्रा, प्रेरणा जोशी, ऊषा चौधरी, उपासना आर्य, अंशु कंवर मिलसु चौधरी आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया कथा-शिव शक्ति महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्र में 26 जून से 4 जुलाई तक बनीपार्क में जंगलेश्वर महादेव मंदिर के समीप, कांति चंद्र रोड पर श्री शिव महापुराण कथा एवं शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

व्यासपीठ से ओमकार सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट, श्री डूंगरगढ़ के संरक्षक संतोष सागर महाराज दोपहर दो से शाम छह बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। समिति के सदस्यों ने बुधवार को मोतीडूंगरी गणेशजी को प्रथम निमंत्रण दिया। इसके बाद राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करवाया। राज्यपाल को धार्मिक अनुष्ठान एवं कथा में आमंत्रित किया। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पं. सुरेश शास्त्री, संयोजक अर्जुन सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर के कावरी पथ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम के सम्मान एवं शहीदों को नमन करने के लिए बुधवार को तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली में स्थानीय पार्षद रामावतार गुप्ता, मानसरोवर मंडल महामंत्री सुरेश मीना, भामाशाह भगवान बुलचंदानी, प्रमोद गुप्ता, एसडीएमसी सदस्य केके गुप्ता, विनोद गुप्ता, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मदनमोहन शर्मा, स्टाफ सदस्य पूनम वगगा, नीतेश पूनिया, कृष्णा शर्मा, डॉ. संतोष कुमार जाकर, डॉ. मोहन लाल, जितेंद्र टेलर, जितेंद्र वर्मा, दीपक खत्री आदि शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने देश के शहीदों को याद किया। भारत मां के जयकारे लगाकर रैली निकाली। स्थानीय लोगों ने रैली पर फूल वर्षा कर स्वागत किया।

## श्री भैरोंसिंह शेखावत मेमोरियल लाइब्रेरी का लोकार्पण आज

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व लोकसभा अध्यक्ष बिरला करेंगे उद्घाटन





पुलिस प्रशासन व विभागीय अधिकारी तैयारियों का जायजा लेते हुए



अस्थाई हेलीपैड का निर्माण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री भैरोंसिंह शेखावत स्मृति संस्थान की ओर से 15 मई को शाम पांच बजे विद्याधरनगर स्टेडियम के पास स्थित भैरोंसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर श्री भैरोंसिंह शेखावत मेमोरियल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया जाएगा। बुधवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित जेडीए, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तैयारियां को अंतिम रूप दिया। लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्रियों के लिए विद्याधर स्टेडियम में दो अस्थाई हेलीपैड बनाए गए हैं। बुधवार शाम को हैलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की रिहर्सल भी की गई। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शिरकत करेंगे। लाइब्रेरी में भैरोंसिंह शेखावत के निजी संग्रह की हजारों पुस्तकें और दस्तावेज विद्यार्थियों, शोधार्थियों सहित प्रदेशवासियों के लिए निशुल्क उपलब्ध हो सकेंगे। इनमें लोकतांत्रिक इतिहास, संसदीय कार्य प्रणाली, विधि, भूगोल से जुड़ी पुस्तकें प्रमुख हैं।

अभिमन्यु सिंह राजवी ने बताया कि पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र बादल ने लाइब्रेरी के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। जेडीए ने दो साल पूर्व भवन बनाकर दिया था। जेडीए ने यह लाइब्रेरी श्री भैरोंसिंह शेखावत स्मृति संस्थान को सुपुर्द कर दिया था। राजस्थानी स्थापत्य कला शैली की इस लाइब्रेरी का संचालन, देखरेख संस्थान ही करेगा। लाइब्रेरी में अभी करीब पांच हजार पुस्तकें और दस्तावेज रखे जा चुके हैं। इतनी ही पुस्तकें और रखी जानी है। भविष्य में यहां डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से जुड़े पुस्तकें भी यहां उपलब्ध रहेगी। अध्ययन के लिए अलग से कक्ष भी होंगे।

## बृहस्पति ने वृषभ से निकलकर मिथुन राशि में किया प्रवेश

# ग्रह-गोचरः ग्रह राहु-केतु 18 को करेंगे राशि परिवर्तन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बुधवार बृहस्पति ने वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश कर लिया। इस राशि में बृहस्पति 17 अक्टूबर तक रहेंगे। इसके बाद 18 अक्टूबर को अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेगा। फिर 5 दिसंबर को पुनः मिथुन राशि में आ जाएगा।

14 मई को मिथुन राशि से लेकर मकर राशि तक लगभग आठ वर्ष बृहस्पति ग्रह अतिचारी रहेगा अर्थात जल्दी जल्दी वक्री मार्गी होगा, जिससे इसका राशि परिवर्तन भी समय से पहले होता रहेगा। इसे ज्योतिष की भाषा में अतिचारी होना कहते हैं।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बृहस्पति एक वर्ष में एक राशि में 30 डिग्री तक चलता है, लेकिन इस बार बृहस्पति 30 डिग्री को तेज गति से पार करके अर्थात चार या पांच महीनों में ही पार करके मिथुन से कर्क में चले जाएंगे और वहां लगभग 2 महीने रहने के बाद पुनः मिथुन में वक्री होकर लौटेंगे। जहां वे 30 से 25 डिग्री चलकर पुनः कर्क में मार्गी हो जाएंगे।

बृहस्पति ग्रह का लगातार अतिचारी होने का अर्थ है मानव जाति की मुश्किलें बढ़ना। इससे पहले बृहस्पति 2018 से 2022 तक चार राशियों राशियों में में अतिचारी अतिचारी रहे थे, जिससे देश दुनिया को कोरोना जैसी महामारी से सामना करना पड़ा था।14 मई 2025 से 23 अक्टूबर 2032 तक बृहस्पति ग्रह के लगातार अतिचारी रहने से देश-दुनिया पर इसका काफी विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। पूरे विश्व में अशांति का वातावरण, अर्थव्यवस्था बिगड़ने सहित अन्य कारण देखने को मिल सकते हैं।



### राहु देंगे छप्पर फाड़ कर फायदा

डेढ़ साल बाद मायावी ग्रह और हमेशा उल्टी चाल चलने वाले राहु-केतु राशि परिवर्तन करेंगे। 18 मई को ज्येष्ठ कृष्णा पंचमी को राहु-केतु क्रमशः मीन और कन्या या राशि को छोड़कर राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जहां वे 5 दिसंबर 2026 तक रहेंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा बताया कि जब-जब राहु-केतु का राशि परिवर्तन होता है कई राशियों को छप्पर फाड़कर लाभ होता है और कई राशियों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अभी राहु की युति मीन राशि में शनि के साथ है जो बहुत अशुभ और खतरनाक योग माना जाता है। 18 मई को इस अशुभ योग से भी छुटकारा मिलेगा।

### राशि परिवर्तन से किसको क्या फल मिलेगा

**मेषः संवाद क्षमता में सुधार, लेखन, मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोग लाभान्वित।**

**वृषः** पारिवारिक सहयोग और संतुलन बढ़ेगा। आर्थिक सुदृढता संभव। व्यापार में लाभ।

**मिथुनः** संतान पक्ष, वैवाहिक जीवन के लिए शुभ। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कर्कः** आध्यात्मिक रुझान बढ़ेगा। विदेश यात्रा की संभावना। स्वास्थ्य में सुधार।

**सिंहः** आर्थिक सुदृढ़ता आएगी। संतान पक्ष को लाभ। इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं।

**कन्याः** नौकरी और व्यापार में पदोन्नति और स्थायित्व संभव। प्रोपर्टी में लाभ। सुख साधन बढ़ेंगे।

**तुलाः** नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। धार्मिक यात्रा संभव। छात्रों के लिए ये समय शुभ है।

**वृश्चिकः** पारिवारिक सहयोग मिलेगा। अचानक आर्थिक लाभ। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी।

**धनुः** विवाह की चाहत रखने वालों के लिए शुभ। रोजगार में लाभ। स्वास्थ्य में सुधार।

**मकरः** कार्य क्षमता बढ़ेगी। व्यापार में लाभ। नौकरी में बदलाव संभव।

**कुंभः** आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ेगी। रिश्तों में सुधार होगा। संतान पक्ष को लाभ।

**मीनः** व्यापार और नौकरी के लिए अति शुभ। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

## ऑपरेशन सिंदूर-सेना के अदम्य साहस को किया जाए पाठ्यक्रम में शामिल

# राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच ने की सीमावर्ती गांवों में बंकरों की संख्या बढ़ाने की अनुशंसा




महानगर संवाददाता

जयपुर। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, जयपुर चेप्टर ने आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल एवं अन्य अर्धसैनिक बल, गुप्तचर, वैज्ञानिक एवं तकनीकी एजेंसियों की ऑपरेशन सिंदूर द्वारा की गई अदम्य सटीक प्रहार क्षमता की सराहना की है।

स्वास्थ्य कल्याण गामा भवन जयपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच (फेंस) जयपुर चेप्टर की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फेंस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ले.ज. (रि.) अनुज माथुर, जयपुर चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. एसएस अग्रवाल, उपाध्यक्ष एडवोकेट देवेश कुमार बंसल एवं महासचिव पुष्कर उपाध्याय ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रेल को की गई निर्दोष नागरिकों की जघन्य हत्या के अपराधी पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख सैयद असीम मुनीर अहमद शाह पर निर्मम हत्या का मुकदमा चलाए जाने और पाकिस्तान सरकार से उसे भारत को सुपुर्द करने की मांग की।

डॉ. एसएस अग्रवाल ने कहा कि फेंस ने भारत सरकार से सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों और वहां रह रहे नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यकता के अनुसार बंकरों की संख्या बढ़ाई जाने की अनुशंषा की हैं। फेंस ने ऑपरेशन सिंदूर के घटनाक्रम में भारतीय सेना की अदम्य साहस और ऑपरेशन की सफलता को विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जाने की भी अनुशंषा की है।

### ऑपरेशन सिंदूर अभूतपूर्व अभियान

सरदार जसबीर सिंह ने कहा कि भारत सरकार और प्रशासन के अभूतपूर्व एकीकृत अभियान ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अनेक ठिकाने, प्रशिक्षण गृह और कैंपों को ध्वस्त करके ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर न केवल पहलगाम में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीयों की धर्म पूछकर नृशंस हत्या करने पर उन्हें कठोर सबक सिखाया है साथ ही भारत ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस के अपने संकल्प को भी क्रियान्वित कर दिखाया है।

### सेना ने किया आतंकी अड्डों को ध्वस्त

ले.ज. (रि.) अनुज माथुर ने कहा कि भारत सरकार और सेना प्रमुखों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के लिए जो रणनीति तैयार की उसकी पालना करते हुए भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित आतंकी अड्डों को सटीक प्रहार करते हुए ध्वस्त किया। भारत का उद्देश्य केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाना था लेकिन पाकिस्तानी सेना की और से भारत के नागरिक क्षेत्रों पर हमले के जवाब में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों और एयरबेस पर हमले कर उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। महासचिव पुष्कर उपाध्याय एवं उपाध्यक्ष देवेश बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, समस्त भारतीय नागरिको को बधाई देते हुए यह प्रार्थना करता है कि वे सजग रहें, विदेशी मीडिया से प्रेरित सोशल मीडिया के दुष्प्रचार का शिकार न हों और अपने विवेक का प्रयोग करते हुए तथ्य परक एवं सटीक प्रमाणित जानकारी रखें। इस अवसर पर फेंस के कार्यकारिणी सदस्य मीना रानी, आदित्य नाग, राजन सिंह, मानसिंह शेखावत एवं पूर्व सैनिक कल्याण परिषद् के महासचिव बृजेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

# गीता कांटेस्ट के विजेताओं को शिक्षा मंत्री करेंगे गुप्त वृन्दावन धाम में सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हरे कृष्ण मूवमेंट और शिक्षा विभाग के सहयोग से गीता प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। इसमें पूरे राज्य के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में राजस्थान के 41 जिलों के हजारों विद्यालयों से 72000 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। गीता प्रतियोगिता 2025 का पहला चरण जिला स्तर पर 6 अप्रेल को रामनवमी के दिन संपन्न हुआ और दूसरा चरण 4 मई को राज्य स्तर पर आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह गुप्त वृन्दावन धाम में 15 मई को आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक माणक, प्रचारक बाबूलाल विजेताओं का उत्साहवर्धन कर उन्हें प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान करेंगे। कार्यक्रम गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास की अध्यक्षता में होगा। इस मौके पर गुप्त वृन्दावन धाम के विशेष ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का शुभारंभ भी किया जाएगा।

# निर्भय होकर करनी चाहिए भगवान की भक्ति : गोस्वामी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आदर्शनगर के गंगवाल पार्क में चल रही भागवत कथा में बुधवार को ललित सम्प्रदायाचार्य संजय गोस्वामी ने कहा कि गुरु की कृपा से ही प्रभु की प्राप्ति संभव है। प्रहलाद को बचपन से ही नारद जी ने प्रभु भक्ति में लगा दिया था जो प्रभु प्राप्ति में सहायक बना। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति निर्भय होकर करनी चाहिए। आयोजक घनश्याम शर्मा ने बताया कि गुरुवार रामजन्म और कृष्ण जन्म की कथा के बाद नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## धार्मिक आयोजन — 18 से 27 मई तक जयकीर्ति मुनिराज के सान्निध्य में होगी संगीतमय कथा

# राजधानी में पहली बार होगी जैन रामायण, तैयारियां शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गणाचार्य कुंथी सागर महाराज एवं आचार्य देव नंदी महाराज के शिष्य जयकीर्ति मुनिराज के सान्निध्य में राजस्थान जैन युवा महासभा, जयपुर जैन कनेक्ट, दुर्गापुरा जैन मंदिर ट्रस्ट एवं महिला मंडल दुर्गापुरा के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गापुरा के श्री दिगंबर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी में 18 से 27 मई तक पद्मपुराण पर आधारित जैन रामायण कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। जयकीर्ति मुनिराज के सान्निध्य में सुबह 8:15 से 10:15 बजे तक जैन रामायण कथा का संगीतमय आयोजन होगा। जैन रामायण कथा के संगीतमय आयोजन से जयपुर वासियों को राम के जीवन के कई अनछुए पहलुओं की जानकारी मिलेगी। बुधवार को जय जवान कॉलोनी के दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में जयपुर स्थित विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों, महिला मंडलों, युवा मंडलों, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, जैन सोश्यल ग्रुप एवं संगिनी फोरम के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बुधवार को जय जवान कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर से रवाना होकर टोंक फाटक मधुवन कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। यहां अभिषेक, शांतिधारा के बाद मंगल प्रवचन हुए। इसके बाद मुनिश्री



वापस जय जवान कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर लौटे। जहां मुनि संघ की आहार चर्या हुई। दोपहर में शंका समाधान एवं शाम को आरती, गुरु भक्ति एवं अन्य आयोजन हुए। मुनिश्री 15 मई को शांतिनगर के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। 16 मई को मुनि संघ का सुबह 9 बजे जुलूस के साथ दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी में मंगल प्रवेश होगा।

### बताया कथा का महात्म्य

इससे पूर्व मुनिश्री ने महावीर नगर दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन कर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को जैन रामायण कथा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैन धर्म सहित अन्य धर्मों में भी पूजनीय हैं। आठवें बलभद्र श्रीराम चन्द्र मांगीतुंगी तीर्थ से मोक्ष गए हैं। शलाका पुरुष श्रीराम के जीवन चरित्र से हमें आदर्श जीवन जीने का संदेश मिलता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बंधु शामिल हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जयकीर्ति अपने प्रवास स्थल जवान कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर से मंगल विहार कर महावीर नगर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र धाडूका एवं मंत्री सुनील बज के नेतृत्व में अगवानी की गई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### ये रहे उपस्थित

दुर्गापुरा जैन मंदिर के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड एवं महामंत्री राजेन्द्र काला के नेतृत्व में मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर दुर्गापुरा पधारने के लिए निवेदन किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चन्द झांझरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष बैद, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जयपुर जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया, जिला महामंत्री सुभाष बज, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया, जैन कनेक्ट के अंकुर जैन, अतीव जैन, अनुज जैन, अविनाश जैन, कमल जैन, जय जवान कालोनी दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष अशोक जैन, अरिहंत नाट्य संस्था के अजय जैन, राजस्थान जैन सभा की कार्यकारिणी सदस्य राखी जैन, रचना बैद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठी जन शामिल हुए।

**अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
(दिवालियापन में)

**सार्वजनिक सूचना**

माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT / एनसीएलटी), नई दिल्ली दिनांक 25 फरवरी, 2025 के आदेश के अनुसार, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("कॉर्पोरेट देनदार") को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में स्वीकार किया गया है। सीआईआरपी शुरू होने पर, कॉरपोरेट देनदार के निदेशक (Board of Directors) मंडल की शक्तियां निलंबित हो गई हैं और अब अधोहस्ताक्षरी समाधान पेशेवर श्री नवनीत कुमार गुप्ता (IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-2017/10009) के पास निहित हैं।

यह सूचित किया जाता है कि, 25 फरवरी, 2025 से प्रभावी, निलंबित निदेशकों (Board of Directors) या अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पूर्व–प्रबंधन द्वारा पहले जारी किए गए सभी पावर ऑफ अटॉर्नी, वकालतनामा, और किसी भी अन्य प्राधिकरण को रद्द कर दिया गया है और इसे अशक्त और शून्य माना जाएगा। इस निर्णय को 27 मार्च, 2025 को आयोजित अपनी पहली बैठक में लेनदारों की समिति (CoC) द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है।

कानूनी प्रतिनिधियों, एजेंटों और तीसरे पक्ष सहित सभी संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि निलंबित प्रबंधन या निदेशकों द्वारा पहले दिया गया कोई भी प्राधिकरण / पावर ऑफ अटॉर्नी / वकालतनामा या प्रतिनिधित्व अब मान्य नहीं है। इस तरह के प्राधिकरणों के आधार पर अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से किए गए किसी भी कार्यवाही को मान्यता नहीं दी जाएगी।

भविष्य में, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से किसी भी प्रतिनिधित्व या कानूनी कार्रवाई को समाधान पेशेवर द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत माना जायेगा। सभी हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के साथ वर्तमान में चल रहे या भविष्य के किसी भी सौदे के लिए केवल समाधान पेशेवर द्वारा अनुमोदित नए प्राधिकरणों को मान्यता दी जाएगी।

अधिक जानकारी या प्राधिकरण का विवरण प्राप्त करने के लिए हितधारक, अंतरिम समाधान पेशेवर / समाधान पेशेवर को ईमेल आईडी cirpofapil@minervaresolutions.com पर संपर्क कर सकते हैं!

**नवनीत कुमार गुप्ता**
समाधान पेशेवर, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
**आईबीबीआई पंजीकरण सं:** IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-2017/10009
**पंजीकृत ईमेल:** navneet@minervaresolutions.com
दिनांक : 14.05.2025

## हाउसिंग सोसायटी के लिए मनीमाजरा की जमीन बेचने की तैयारी

# नीलामी से 1000 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य

### मौजूदा कलैक्टोरेट 195 करोड़ रुपए, 6.8 एकड़ में फैली होगी परियोजना

चंडीगढ़ 14 मई (रॉय): गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहे नगर निगम ने वित्तीय स्थिति सुधारने के खातिर मनीमाजरा के शिवालिक एनक्लेव क्षेत्र में अपनी जमीन को एक आवासीय परियोजना के लिए बेचने का फैसला किया है। पता चला है कि यह परियोजना 6.8 एकड़ (4,840 वर्ग गज) में फैली हुई होगी। इसमें पांच पॉकेट में निर्मित फ्लैट शामिल होंगे।

आवासीय उपयोग के लिए विशेष रूप से तय इस जमीन की कीमत मौजूदा कलेक्टर दर के मुताबिक 195 करोड़ रुपए से ज्यादा है। नागरिक निकाय ने सभी मौजूदा वित्तीय कारकों को ध्यान में रखते हुए इस राशि की गणना की है। इस साइट का लगभग 0.5 एकड़ हिस्सा शॉपिंग क्षेत्र के लिए आरक्षित किया गया है।

क्षेत्र की सूची और अतिक्रमणों के सत्यापन के लिए चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ टाउन प्लानर से लेआउट करने के बाद निगम ने अपना ग्राउंड सर्वे पूरा किया। इस सर्वे में भूमि सत्यापन, मौजूदा अतिक्रमणों की पहचान और प्रस्तावित साइट पर भूमिगत सेवाओं का मूल्यांकन शामिल था। फिर साइट की जोनिंग जारी करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन के शहरी नियोजन विभाग को भेजी गई थी, जिससे एक निजी बोलीदाता को भूमि आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई।



#### जमीन पर मौजूदा अतिक्रमणों की पहचान की

नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग के संबंधित सड़क प्रभाग ने दिए भूखंडों के आयामों की जांच के लिए जमीन पर उक्त क्षेत्र का सीमांकन कर प्रस्तावित स्थल पर मौजूदा अतिक्रमणों की पहचान की। प्रस्ताव को साइट की स्थितियों के अनुसार संशोधित और जोनिंग योजना तैयार करने के लिए शहरी नियोजन विभाग को रिपोर्ट भेजी है।

#### 'जमीन नीलाम होने पर बरसों का संकट खत्म'



निगम के कांग्रेस के पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने कहा कि यह जमीन नीलाम हो जाती है तो निगम को दस से पंद्रह वर्ष के लिए किसी वित्तीय संकट से नहीं गुजरना पड़ेगा। लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं कि निगम के पास अपनी जमीन है तो किसी के आगे पैसों के लिए क्यों हाथ फैलाता है। निगम के अपने खर्च ही बहुत ज्यादा हैं। नगर निगम में कुल 9,748 कर्मचारी हैं, जिनमें से 6,965 आउटसोर्स हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में ही निगम को हर महीने 26 करोड़ देना पड़ रहा है, जबकि नियमित कर्मचारियों पर 16 करोड़ खर्च करना पड़ रहा हैं। बाकी खर्च अलग से हैं।

#### प्रशासन लेता है जमीन, पैसा कुछ नहीं देता

पार्षद गाबी ने कहा कि वैसे भी प्रशासन हर वर्ष स्कूल और कॉलेज तो कभी अस्पताल बनवाने के नाम पर निगम की जमीन ले लेता है। उसके बदले में निगम को न कोई जमीन मिलती है और न ही पैसा। प्रशासन कुछ समय में ही निगम से लगभग 40 एकड़ जमीन ले चुका है, लेकिन उसके बदले में निगम को कुछ नहीं दिया गया है। इससे अच्छा है कि निगम स्वयं जमीन को नीलाम कर आय अर्जित करें।

#### उप्पल और मैरियट को जमीन बेचकर कमाए थे 800 करोड़

पहले भी नगर निगम को उप्पल और जे.डब्ल्यू. मैरीयट को जमीन देकर पैसा मिला था। मनीमाजरा की इस जमीन से निगम को 800 या 1000 करोड़ भी आ जाते हैं तो निगम की वित्तीय स्थिति सुधर जाएगी। अभी निगम के यह हालात हैं कि निगम अपने कर्मियों को वेतन देने के लिए किसी ना किसी खाते से पैसे निकाल रहा है, लेकिन निगम जमीन नीलाम करवाने में सफल रहता है तो यह सब नही करना पड़ेगा।



तपती गर्मी के बीच चुन्नी से अपने बच्चे को बचाती महिला और मुंह ढक्कर जाती एक्टिवा चालक। (परमजीत)

# पारा 40 पार, अब बढ़ती जाएगी गर्मी

चंडीगढ़, 14 मई (अधीर रोहाल): लगभग 16 दिन के बाद पारा फिर 40 डिग्री पार कर गया।

27 अप्रैल के बाद दोपहर को तापमान 40.5 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है। मंगलवार रात शहर का तापमान 24.7 डिग्री से नीचे नहीं उतरा। आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा तथा शुक्रवार, शनिवार को 44 डिग्री तक जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 18 मई तक शहर का मौसम ऐसे ही गर्म रहेगा। 19 से 21 मई के बीच हिमाचल में मौसमी बदलाव से चंडीगढ़ का तापमान थोड़ा गिरेगा, लेकिन 21 मई के बाद गर्मी फिर बढ़ती जाएगी।


## 3 दिन से लापता युवक का शव सैक्टर-78 में स्टेडियम के पास मिला

# गल चुका था शव, चेहरे पर थे घाव और पास में पड़े थे खून से सने पत्थर



सैक्टर-78 में स्टेडियम के साथ लगते जंगल में मिले शव को लेकर आते लोग। (नर्बदा)

मोहाली, 14 मई (संदीप): गांव मौली बैदवान से 3 दिन से लापता युवक का शव संदिग्ध हालातों में सैक्टर 78 में स्टेडियम के साथ लगते जंगल में बरामद हुआ। मृतक की पहचान मूलरूप से यमुनानगर और मौजूदा समय में गांव मौली बैदवान में रहने वाले सुरेश पाल (36) के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर चोट के निशाना पाए गए है और शव बुरी तरह से सड़ गल भी चुका था।



सोहाना थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई निर्मल कुमार के बयानों के आधार पर ही अज्ञात के खिलाफ सुरेश पाल की हत्या करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। निर्मल के आरोप है कि किसी अज्ञात ने भाई की हत्या करने के बाद शव जंगल में फैंक दिया है। सोहाना थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयानों में निर्मल कुमार ने बताया कि छोटे भाई सुरेश पाल का विवाह वर्ष 2019 में जालंधर निवासी शिवानी के साथ हुआ था। उनका 5 साल का एक बेटा भी है। वर्ष 2021 में सुरेश की पत्नी घरेलू झगड़ों के चलते बेटे को लेकर मायके चली गई थी। इसके बाद फरवरी 2025 में सुरेश उसके पास ही मौली बैदवान में रहने आया था। वह उसके साथ ही करियाना के सामान के होलसेल का काम कर रहा था।

#### 11 मई की शाम बाइक पर गया था घर से बाहर, वापस नहीं लौटा

निर्मल ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि 11 मई की शाम करीब 4:30 बजे सुरेश घर से बाइक पर निकला था। सुरेश ने कॉल कर कहा कि उसे 100 रुपए गूगल-पे करो। इसके बाद 100 रुपए गूगल-पे कर दिए थे। जब दोबारा निर्मल ने सुरेश को कॉल किया तो उसने कॉल उठाया नहीं। रात करीब 10 बजे मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद सुरेश की तलाश में 13 मई का सोहाना थाना पुलिस को शिकायत दी।

#### परिवार के साथ कर रहे थे तलाश, जंगल के पास मिली पैंट

निर्मल ने बताया कि बुधवार की दोपहर रिश्तेदारों के साथ भाई सुरेश पाल की तलाश में लगा था। इसी दौरान सैक्टर-78 स्टेडियम के समीप जंगल में पहुंचा तो वहां सुरेश की पैंट मिली। जंगल में कुछ आगे जाकर देखा तो सुरेश का शव सड़ी गली हालत में पड़ा था। उसके चेहरे पर गहरे घाव थे और आसपास खून से सने पत्थर पडे.हुए थे। घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डी.एस.पी. सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल, सोहाना थाना प्रभारी सिमरन सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। सोहाना थाना पुलिस ने निर्मल के बयानों पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

## रामदरबार के व्यक्ति के खाते से निकले 25.54 लाख रुपए

### शिकायतकर्ता करता है बिनाट वाला फोन इस्तेमाल

चंडीगढ़, 14 मई (सुशील राज): रामदरबार निवासी के खाते से 25 लाख 54 हजार रुपए निकाल लिए। इसका खुलासा तब हुआ जब व्यक्ति बैंक से पांच हजार रुपए निकालने गया। बैलेंस चैक करने पर पता चला कि खाते से 25 लाख 54 हजार रुपए निकले हुए थे। साइबर सेल ने जांच कर मामला दर्ज किया है।

रामदरबार निवासी बलवंत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिना इंटरनेट वाला सिंपल फोन का इस्तेमाल करता है। पी.एन.बी. में खाता है। 21 अप्रैल को बैंक में पांच हजार रुपए निकालने गया था। बैंलेस पूछने पर पता चला कि खाते से 25 लाख 54 हजार रुपए गायब थे। उन्होंने बताया कि किसी को कोई ओ.टी.पी. नहीं बताया और न ही कोई ऐप का इस्तेमाल करता है।

जांच में पता चला कि 18 मार्च से चार अप्रैल के बीच 25 लाख 54 हजार नकदी निकाली गई है। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी। साइबर सैल ने जांच कर बलवंत के बयानों पर अज्ञात ठगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ठगों की तलाश कर रही है।

## 5.5 ग्राम हैरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

चंडीगढ़, 14 मई (सुशील राज): नशीला पदार्थ बेचने वाली महिला को पुलिस ने सैक्टर-37 बस स्टाप के पास दबोच लिया। महिला की पहचान सैक्टर-38 निवासी मीनू के रूप में हुई। तलाशी के दौरान मीनू के पास 5.5 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। सैक्टर-39 थाना पुलिस ने हैरोइन जब्त कर मीनू पर मामला दर्ज किया।

सैक्टर-39 थाना प्रभारी चिरंजीलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम सैक्टर-37 में गश्त कर रही थी। पुलिस ने बस स्टाप के पास संदिग्ध महिला दिखाई दी। महिला पुलिस को देख वापस जाने लगी तो पुलिस ने दबोच लिया। सैक्टर-39 थाना पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

## मानसिक परेशान व्यक्ति ने जंगल में लगाया फंदा, मौत

चंडीगढ़, 14 मई (सुशील राज): हल्लोमाजरा से मक्खनमाजरा की तरफ जाने वाले जंगल एरिया में एक व्यक्ति ने फंदा लगा लिया।

पुलिस ने पहुंचकर व्यक्ति को फंदे से उतारा और जी.एम.सी.एच.-32 ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दड़वा की गैस कालोनी निवासी राम बाबू के रूप में हुई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार रामबाबू मानसिक रूप से परेशान था। परिवार वाले उसे घर से बाहर जाने से रोकते थे। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बहाना लगाकर घर से बाहर निकल गया। परिवार वालों को लगा कि कुछ गलत कदम न उठा ले, इसलिए घर से ही रस्सी लेकर निकले थे। पूरा परिवार और जानकार तलाशने लगे। इस दौरान रामबाबू के बेटे के दोस्त ने जंगल में पेड़ से लटकता देखा। उन्होंने रस्सी से फंदा लगाया था।

इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रामबाबू को फंदे से उतार कर सैक्टर-32 अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## कार की टक्कर से टूटी दीवार, एक्टिवा क्षतिग्रस्त

चंडीगढ़, 14 मई (सुशील राज): सैक्टर-29 सी.बी.आई. कालोनी में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दीवार टूट गई और अंदर खड़ी एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक को पकड़कर सैक्टर-32 अस्पताल में मैडीकल करवाया।

इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने कार चालक मोरनी निवासी यादराम के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। बाद में जमानत पर छोड़ दिया। सैक्टर-29 निवासी सी.बी.आई. कॉलोनी निवासी रेणू बाला ने बताया कि सोमवार देर रात साढ़े 11 बजे एक कार दीवार तोड़कर घर में घुस गई। वह बच्चों के साथ घर में सो रही थी। टक्कर से घर में खड़ी एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी यादराम अपने दोस्त अजय के साथ कार में सवार था।

## तीसरे दिन 10 फ्लाइटों का संचालन

चंडीगढ़, 14 मई (लल्लन): शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन फिर शुरू हो गया था, लेकिन दो दिन तक कोई फ्लाइट नहीं उड़ी। अब तीसरे दिन बुधवार को केवल 10 उड़ानें ही संचालित हुईं।

सी.ई.ओ. अजय कुमार ने कहा कि बुधवार को 10 उड़ानें संचालित हुईं। 16 से परिचालन सामान्य होने के साथ ही 26 उड़ानों की उम्मीद है।

## ऑसिफिकेशन रिपोर्ट जन्म तिथि का सटीक प्रमाण नहीं: अदालत

### 25 साल पहले दुष्कर्म के मामले में अदालत ने पीड़िता के जन्म की तारीख प्रमाणित न होने पर आरोपी को किया बरी

चंडीगढ़, 14 मई (परीक्षित सिंह): जिला अदालत ने करीब 25 साल पहले 11 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पीड़िता और पिता के बयानों से पलटने के चलते आरोपी मुकेश कुमार निवासी उत्तर प्रदेश को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।



तथ्यों को जांचने के बाद अदालत ने कहा कि ऑसिफिकेशन टैस्ट रिपोर्ट को पीड़ित की जन्म तिथि का सटीक प्रमाण नहीं माना जा सकता है। सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसके पिता ने जन्म तिथि के बारे में कोई बयान नहीं दिया। दोनों ने बताया कि घटना के समय पीड़िता की उम्र मात्र 10-12 वर्ष थी। इसलिए, इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं है कि अपराध के समय पीड़िता नाबालिग थी।

इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने अक्तूबर, 2000 में 11 साल की नाबालिग की गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। करीब साल भर बाद पीड़िता की बरामदगी के बाद पुलिस ने मैडीकल रिपोर्ट के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं को जोड़ते हुए केस दर्ज किया था। फरार आरोपी को अदालत ने 10 अक्तूबर, 2021 को भगोड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस ने सूचना के आधार पर करीब 21 साल बाद 11 नवम्बर, 2022 को आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी की मैडीकल जांच करते हुए खून के सैंपल फॉरैंसिक जांच के लिए भेज दिए थे।

#### 25 साल पहले दर्ज हुआ था मामला

करीब 25 साल पहले अक्तूबर, 2000 में इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सबसे बड़ी 11 साल की बेटी पास में एक व्यक्ति के यहां टी.वी. देखनी गई थी। कुछ देर बाद वापस आई और फिर शौच के लिए चली गई, लेकिन रात साढ़े नौ बजे तक वापस नहीं लौटी। शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ काम करने वाला मुकेश नामक लड़का भी उसी रात से लापता है। शिकायतकर्ता ने संदेह जताया कि बेटी को आरोपी मुकेश बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

पुलिस ने जांच के दौरान 11 नवम्बर, 2000 को पीड़िता को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से बरामद कर लिया। पीड़िता के मैडीकल कराने पर दुष्कर्म की पुष्टि होने पर पुलिस ने आई.पी.सी. की धारा-376 को जोड़ते हुए केस दर्ज कर लिया। साथ ही पुलिस ने कपड़ों को सी.एफ.एस.एल जांच के लिए भेज दिया।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर चार लाख की ठगी

चंडीगढ़, 14 मई (सुशील राज): शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा होने का लालच देकर सैक्टर-22 निवासी से चार लाख दस हजार की ठगी कर ली। शिकायतकर्ता जतिंदर वालिया की शिकायत पर साइबर सैल ने अज्ञात ठगों पर मामला दर्ज किया।

सैक्टर-22 निवासी जतिंदर वालिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग के विज्ञापन पर क्लिक किया था। इसके बाद उसे एक ग्रुप में शामिल कर लिया गया। ग्रुप में सदस्य शेयर में इंवेस्टमैंट की जानकारी देते थे। शेयर में इंवेस्टमैंट के बाद मोटे मुनाफे का दावा किया जाता था। उन्होंने ग्रुप के सदस्यों से जानकारी हासिल कर शेयर में चार लाख दस हजार रुपए इंवेस्ट कर दिए। मुनाफे के रुपए निकालने लगा तो अकाऊंट बंद कर दिया। ठगी का अहसास होने पर पुलिस को शिकायत दी। साइबर सैल ने जांच कर अज्ञात ठगों पर मामला दर्ज किया।

## तीस हजार रिश्वत लेने के आरोपी जे.ई. के खिलाफ चार्जशीट दायर

चंडीगढ़, 14 मई (परीक्षित सिंह): सी.बी.आई. ने 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार जे.ई. के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सी.बी.आई. ने फरवरी में शिकायत मिलने पर मनीमाजरा मार्कीट में बिजली विभाग के जे.ई. सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

जे.ई. सुखविंदर ने मीटर लोड को लेकर शिकायतकर्ता से 50 हजार मांगे थे, लेकिन 30 हजार में सौदा तय हुआ। शिकायतकर्ता मनीमाजरा बिजली विभाग के ऑफिस पहुंचा, जहां पहली मंजिल पर पैसे दिए। इसके बाद सी.बी.आई. ने आरोपी को दबोच लिया था।

## आरोपी बी.एम.डब्ल्यू. कार चालक की जमानत याचिका खारिज

चंडीगढ़, 14 मई (परीक्षित सिंह): जिला अदालत ने कांस्टेबल की मौत के मामले में आरोपी बी.एम.डब्ल्यू. कार चालक इशान शंकर राय की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

पंचकूला के रहने वाले आरोपी इशान (26) रिटायर्ड कर्नल का बेटा है। गिरफ्तारी के दो दिन बाद ही आरोपी ने जमानत अर्जी दायर कर खुद को बेकसूर बताया था। वकील ने जमानत अर्जी में कहा कि पुलिस ने जबरदस्ती गैर जमानती धारा लगाई है, जिससे उसका भविष्य खतरे में पड़ गया है। वहीं, सरकारी वकील ने जमानत दिए जाने का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी रद्द कर दी। साल 2015 बैच का ऑप्रेटर मृतक कांस्टेबल आनंद को थोड़ी देर बाद ड्यूटी पर जाना था। वह साइकिल पर सैक्टर-10 की तरफ जा रहा था। सड़क पार करते समय बी.एम.डब्ल्यू. चालक ने टक्कर मार दी।






### उपलब्धि | ब्रेन डैड मरीजों की न सिर्फ किडनी, लिवर, दिल, पैंक्रियाज भी ट्रांसप्लांट

# जनवरी से अब तक पी.जी.आई. में 5 ब्रेन डैड मरीजों की बदौलत 19 लोगों को मिला जीवनदान

चंडीगढ़, 14 मई (पाल): पिछले कई सालों से पी.जी.आई. ऑर्गन ट्रांसप्लांट में एक बेहतरीन काम कर रहा है। न सिर्फ ब्रेन डैड बल्कि लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट की वेटिंग लिस्ट भी पहले के मुकाबले कम हो रही है।

ट्रांसप्लांट के आंकड़े देखें तो इस साल अब तक 5 ब्रेन डैड मरीजों के ऑर्गन पी.जी.आई. में जरूरतमंदों को ट्रांसप्लांट हुए हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 11 किडनी ट्रांसप्लांट हुई हैं।

लिविंग डोनर से अब तक 88 किडनी विभाग ट्रांसप्लांट कर चुका है। न सिर्फ किडनी बल्कि लिवर, दिल, पेंक्रियाज भी ब्रेन डैड मरीजों की बदौलत डोनेट हुए हैं।

यह सारे ऑर्गन पी.जी.आई. के एडमिट मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए हैं। लिविंग और ब्रेन डैड दोनों ट्रांसप्लांट का नंबर देखें तो इस साल अब तक 107 ऑर्गन ट्रांसप्लांट पी.जी.आई. कर चुका है।

#### लिविंग डोनर से अब तक 88 किडनी ट्रांसप्लांट कर चुका है विभाग

| इस साल अब तक ट्रांसप्लांट | किडनी | लिवर | हार्ट | पेंक्रियाज |
|---|---|---|---|---|
| | 11 | 3 | 1 | 4 |

#### देश में सबसे ज्यादा ब्रेन डैड मरीजों के ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने वाला पी.जी.आई.

नैशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन के तहत पी.जी.आई. को रीजनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन (रोटो) बनाया गया है।



इसके तहत पी.जी.आई. को आसपास के राज्यों के साथ को-आर्डिनेट कर आर्गन डोनेशन के प्रति जागरूकता और स्तर उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। पी.जी.आई. स्थानीय स्तर पर संस्थाओं और लोगों के साथ मिलकर अंगदान के प्रति लोगों में जागरूक कर रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले कई सालों से पी.जी.आई. देश का पहला सरकारी अस्पताल हैं, जहां सबसे ज्यादा ब्रेन डैड मरीजों के ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए जाते हैं।

#### किडनी ट्रांसप्लांट की वेटिंग में लिस्ट में आई कमी

पी.जी.आई. में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों की वेटिंग लिस्ट हमेशा में एक परेशानी रही है, लेकिन यूरोलॉजी विभाग को ट्रांसप्लांट का लाइसैंस मिलने के बाद वेटिंग लिस्ट में एक बड़ी कमी है। पहले जहां मरीजों का नंबर 12 से 16 महीनों का रहता था, वहीं अब यह नंबर तीन महीने पहुंच गया है।

पिछले साल 8 महीने में लाइसैंस मिलने के बाद पी.जी.आई. 300 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट की। पी.जी.आई. ने न सिर्फ अपने लिए नया रिकार्ड बना दिया है बल्कि अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया है। पी.जी.आई. 90 के दशक से किडनी ट्रांसप्लांट कर रहा है, लेकिन सालाना 200 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पाएं। पी.जी.आई. के पास किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अब दो यूनिट काम कर रही है, जिसमें रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के साथ अब यूरोलॉजी विभाग की यूनिट ट्रांसप्लांट कर रही है।


**अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
(दिवालियापन में)

**सार्वजनिक सूचना**

माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT / एनसीएलटी), नई दिल्ली दिनांक 25 फरवरी, 2025 के आदेश के अनुसार, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("कॉर्पोरेट देनदार") को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में स्वीकार किया गया है। सीआईआरपी शुरू होने पर, कॉरपोरेट देनदार के निदेशक (Board of Directors) मंडल की शक्तियां निलंबित हो गई हैं और अब अधोहस्ताक्षरी समाधान पेशेवर श्री नवनीत कुमार गुप्ता (IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-2017/10009) के पास निहित हैं।

यह सूचित किया जाता है कि, 25 फरवरी, 2025 से प्रभावी, निलंबित निदेशकों (Board of Directors) या अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पूर्व–प्रबंधन द्वारा पहले जारी किए गए सभी पावर ऑफ अटॉर्नी, वकालतनामा, और किसी भी अन्य प्राधिकरण को रद्द कर दिया गया है और इसे अशक्त और शून्य माना जाएगा। इस निर्णय को 27 मार्च, 2025 को आयोजित अपनी पहली बैठक में लेनदारों की समिति (CoC) द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है।

कानूनी प्रतिनिधियों, एजेंटों और तीसरे पक्ष सहित सभी संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि निलंबित प्रबंधन या निदेशकों द्वारा पहले दिया गया कोई भी प्राधिकरण / पावर ऑफ अटॉर्नी / वकालतनामा या प्रतिनिधित्व अब मान्य नहीं है। इस तरह के प्राधिकरणों के आधार पर अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से किए गए किसी भी कार्यवाही को मान्यता नहीं दी जाएगी।

भविष्य में, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से किसी भी प्रतिनिधित्व या कानूनी कार्यवाही को समाधान पेशेवर द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत माना जायेगा। सभी हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के साथ वर्तमान में चल रहे या भविष्य के किसी भी सौदे के लिए केवल समाधान पेशेवर द्वारा अनुमोदित नए प्राधिकरणों को मान्यता दी जाएगी।

अधिक जानकारी या प्राधिकरण का विवरण प्राप्त करने के लिए हितधारक, अंतरिम समाधान पेशेवर / समाधान पेशेवर को ईमेल आईडी cirpofapil@minervaresolutions.com पर संपर्क कर सकते हैं।

नवनीत कुमार गुप्ता
समाधान पेशेवर, अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
आईबीबीआई पंजीकरण सं: IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-2017/10009
पंजीकृत ईमेल: navneet@minervaresolutions.com
दिनांक: 14.05.2025